पुस्तक विक्रेताओं के भाग लने की संभावना है ; और

(ग) क्या नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशक संघो तथा पुस्तक-विक्रेताओं की इस अपील को मान लिया है कि उक्त मेले को देश मे वर्तमान सूखे की स्थिति को देखते हुए या अन्य आर्थिक कारणों से 27 अक्तूब , को आयोजित न किया जाए ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) जी, हा ।

(ख) भाग लेने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर, 1987 है, अत. भाग लेने वालो की संख्या दे ा सम्भव नही है ।

(ग) जी, नही ।

एयर इंडिया को हुआ घाटा

2720. **श्री वीणा वर्मा :**
श्री कपिल वर्मा

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इडिया को पिछले कुछ वर्षों से घाटा हो रहा है, यदि हां, तो इसे पिछले पाच महीनों में कितना घाटा हुआ ;

(ख) एयर इंडिया की सेवाओ में सुधार करने तथा इसके घाटे को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमो का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार ने एयर इंडिया के प्रतीक (एम्बलम) "महर जा" को अपने विमानो तथा स्टेशनरी इत्यादि पर से हटाने का फैसला किया है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी नही पिछले पांच वर्षों के दौरान एयर इडिया का निवल लाभ निम्न प्रकार है :—

	करोड़ रुपए
1982–83	38.04
1983–84	57.39
1984–85	44.69
1985–86	66.00
1986–87	30.16

तथापि, चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच महीनों अर्थात् अप्रैल 1987 से अग त 1987 के दौरान एयर इंडिया को 2.84 करोड़ रुपए की अनुमानित निवल हानि हुई ।

(ख) एयर इंडिया के वित्तीय निष्पाद : में सुधार लाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए है/शुरू किए गए हैं :—

(1) व्यापार तथा प्रथम श्रेणी यातायात से प्राप्ति मे सुधार लाने के लिए विपणन क्रियाकलापो मे बढ़ोतरी ।

(2) तीव्र और प्वाइंट-टू-प्वाइंट सेवाओ को अधिक शुरू करते हुए सेवा में सुधार;

(3) ठोस विपणन तथा विक्रय प्रयासो को प्रोत्साहित करते हुए कार्गो क्षेत्र में सुधार करना ;

(4) ग्राहको की आवश्यकताओं जैसे हवाई अड्डों पर जांच के लिए स्वचलित मशीनों की स्थापना, उड़ानों के ठीक समय पर प्रस्थान में सुधार, कार्गो सेवा में कम्प्यूटरीकरण के संबध मे तत्काल व सुचारू प्रबन्ध की व्यवस्था ; और

(5) सभी सम्भावित क्षेत्रों में लागतो पर कड़ा नियंत्रण रखना ।

(ग) जी, नही । विमानों, लेखन सामग्री इत्यादि से एयर इंडिया के चिन्ह "महाराजा" को हटाने के बारे मे फिलहाल कोई विचार नही है ।